# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र : 2019–20
## पुनरावृत्ति पत्रिका

कक्षा : तीसरी विषय : हिन्दी

उपविषय : पाठ–3 'आदमी के दोस्त', पाठ–4 'चमत्कारी कविता', पाठ–5 'ईमानदार बालक',
पाठ–6 'काम की बातें (कविता)'।

व्याकरण : संज्ञा, सर्वनाम, वचन, विलोम शब्द, विराम चिह्न,
अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, चित्र वर्णन, चित्र कथा।

## अपठित गद्यांश

प्र1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

रोहन के पिताजी सरकारी नौकरी करते थे। उनके घर पर काम करने के लिए एक नौकर था, जिसका नाम रामू था। रामू पिछले चार–पाँच दिनों से छुट्टी पर था। वह अपने गाँव गया था और अगले चार–पाँच दिनों तक उसने लौट कर नहीं आना था। घर में आटा खत्म हो चुका था, इसलिए आटा लाने का काम रोहन के सिर पर आ पड़ा था। रोहन इस काम को करने में शर्म महसूस कर रहा था। उसने सोचा कि जब वह आटे का डिब्बा साइकिल पर रखकर आएगा तो लोग उसे दखकर हँसेंगे। उसने कहा, ''माँ, मैं आटा लेने नहीं जाऊँगा, यह मेरा काम नहीं है।'' यह सुनकर माँ ने उसे समझाया कि कोई भी काम छोटा–बड़ा नहीं होता। हमें हर काम को खुशी–खुशी करना चाहिए।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
1. कौन–सा काम रोहन को करना था?
2. माँ ने रोहन को क्या समझाया?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–
1. घर में क्या खत्म हो गया था?
(प) आटा (पप) चावल (पपप) दाल
2. रामू कहाँ गया था?
(प) शहर (पप) गाँव (पपप) विदेश

ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए :–

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| 1. घर – | गृह, राजमहल, स्कूल |
| 2. नौकर – | मालिक, सेवक, राजा |

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए :–

1. रोहन के पिताजी सरकारी नौकरी करते थे। (    )
2. रामू पिछले एक महीने से छुट्टी पर था। (    )

प्र2) निम्न दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–



क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. यह चित्र कहाँ का है?
2. लड़के ने हाथ में कितने गुब्बारे पकड़े हैं ?
3. चित्र में कितने पेड़ हैं?
4. गुड़िया को गोद में किसने उठाया है?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

1. लड़के ने हाथ में क्या पकड़ा है?
   (प) कार (पप) गेंद (पपप) पतंग
2. औरत ने कंधे पर क्या लटकाया है?
   (प) टोकरी (पप) थैला (पपप) पर्स
3. चित्र में कितनी औरतें हैं?
   (प) दो (पप) तीन (पपप) पाँच

<u>पाठ से संबंधित</u>

प्र3) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

उसी समय एक भेड़ आगे आई और कहने लगी– नहीं, नहीं। आदमी बहुत बुरा जीव है। वह जानवरों को पकड़कर ले जाता है और उनको मार देता है। मेरे परिवार के कितने ही सदस्य मार दिए गए हैं। आदमी हमें मारकर हमारा मांस खा जाता है। वह हमारे बालों और हमारी खाल से भी अपनी जरूरत की चीज़े बना लता है।'' तभी एक बकरी बोली– ''हाँ भाइयो, भेड़ बिल्कुल ठीक कह रही है।'' उसके बाद मुरगी की बारी आई। मुरगी बोली– ''बहन, आदमी तुम्हारे बच्चो को मार देता है, पर मेरे तो अंडे भी नहीं छोड़ता।''

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. कौन आगे आई और क्या कहने लगी?

2. बकरी क्या बोली और उसके बाद किसकी बारी आई?

ख) निम्नलिखित वाक्य में सही/गलत का निशान लगाइए :–

1. आदमी हमं मारकर हमारा मांस खा जाता है। ( )

प्र4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क) जंगल में कौन–कौन से पशु–पक्षी रहते थे?

ख) नमन किस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता था?

ग) प्रताप नेताजी का घर क्यों ढूँढ रहा था?

घ) राजकिशोर ने बसंत की क्या सहायता की?

प्र5) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

क) दियासलाई ख) बेहोश

ग) प्रतियोगिता घ) हैवान

प्र6) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क) आदमी बहुत बुरा ––––––––– है।

ख) दादाजी उसका –––––––– चेहरा देखकर सारी बात समझ गए।

ग) बाज़ार के हर कोने पर आजकल ऐसे ––––––––– मिलते हैं।

घ) नमन को पूरा विश्वास था कि ––––––––में वही प्रथम आएगा।

प्र7) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–

जाति–पाँति या छुआछूत का,

.................................................

जो है पिछड़े, हमसे बिछुड़,

...............................................।

प्र8) निम्नलिखित वाक्य किसने कहे लिखिए :–

क) ''नहीं साहब, नहीं, मैं पैसे नहीं लूँगा।''

ख) ''तो बस, वह अब नहीं आएगा।''

ग ''शाबाश नमन! तुमन तो कमाल ही कर दिया।''

घ ''रोओ मत, बहन! आदमी का घर मैंने देखा है।''

प9) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

क) सभापति किस चुना गया?

(प) मोर को (पप) सारस को (पपप) तोत को

ख) कविता पढ़कर नमन का ––––––––– जाग उठा।

(प) आत्मविश्वास(पप) प्यार (पपप) ज्ञान

ग मज़दूरों का नेता था–

(प) कृष्णकुमार (पप) राजकिशोर (पपप) प्रताप

प्र10) निम्न दिए गए वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए :–

क) प्रताप कृष्णकुमार का घर ढूँढ रहा था। ( )

ख) संसार में आत्मविश्वास से बड़ा कोई चमत्कार नहीं होता। ( )

ग) नमन को पुरस्कार के रूप में चाँदी का पदक मिला। ( )

घ) एक पहाड़ की तलहटी में घना जंगल था। ( )

<u>व्याकरण से संबंधित</u>

प्र11) निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द भरिए :–

क) माँ बाज़ार से ————— खरीदकर लाई।

ख) बच्चा ————— पढ़ रहा है।

ग ————— अपनी नानी के घर जा रहा है।

घ गाय ————— खा रही है।

प्र12) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करके लिखिए :–

क) मैंने कल नई किताब खरीदी।

ख) हम विद्यालय जा रहे हैं।

ग) मुझे केला खाना है।

घ) वह मेरा बस्ता है।

प्र13) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए :–

क) कल ———— विद्यालय नहीं जाऊँगा।

ख) यह पुस्तक ————— है।

ग) ——— नाम क्या है?

घ) मैं ———— माता के साथ पार्क में गई।

प्र14) कोष्ठक में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :–

क) नेहा——— भाई के साथ स्कूल गई। (तुमने/अपने)

ख) यह——— बस्ता है। (मैं/मेरा)

ग) मेरे पापा ——— बहुत प्यार करते हैं। (मुझे/हमारा)

घ) ——— किताब फट गई है। (उन्हें/उसकी)

प्र15) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए :–

क) पेड़ से <u>पत्ता</u> गिर रहा है।

ख) मेरे घर के बाहर <u>दुकान</u> है।

ग) माँ ने नई <u>साडियाँ</u> खरीदीं।

घ) महिला बातें कर रही है।

प्र16) कोष्ठक में दिए शब्द का वचन बदलकर रिक्त स्थान भरिए :–

क) मैंने नए ————खरीदे। (जूता)

ख) दादी रात को ——— सुनाती है। (कहानियाँ)

ग) मुझे बहुत सी —— आती हैं। (भाषा)

घ) ——— खेल रहे हैं। (लड़का)

प्र17) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का विलोम बदलकर वाक्य पूरा कीजिए :–

क) मैं सुबह विद्यालय जाता हूँ और ———— को खेलता हूँ।

ख) खेल में ———— या जीत, दोनों से हम कुछ सीखते हैं।

ग) राम बहुत मूर्ख है पर उसका भाई ——— है।

घ) मेरा बस्ता हलका और तुम्हारा बस्ता ———— है।

प्र18) कोष्ठक में दिए शब्द का विलोम बदलकर रिक्त स्थान भरिए :–

क) मुझे ———— लग रही है। (सरदी)

ख) हमें सबको अपना ———— बनाना चाहिए। (दुश्मन)

ग) पिताजी मेरे लिए ——— खिलौना लाए। (पुराना)

घ) यह प्रश्न बहुत ——— है। (मुश्किल)

प्र19) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए :–

क) मेरी बहन अच्छी है

ख) अमित कहाँ रहता है

ग) पिताजी बाज़ार से आम अंगूर और केले लाए

घ) मैं तीसरी कक्षा में पढ़ता हूँ

प्र20) निम्नलिखित वाक्यों में लगे विराम चिह्नों के नाम कोष्ठक में से चुनकर लिखिए:–

क) तुम परेशान क्यों हो? (पूर्णविराम/प्रश्नवाचक )

ख) मेरा भाई खाना खा रहा है। (अल्पविराम/पूर्णविराम )

ग) मा बाज़ार से फल, सब्जियाँ और आटा खरीदकर लाई। (प्रश्नवाचक/अल्पविराम)

घ) चिड़िया पेड़ पर बैठी है। (अल्पविराम/पूर्ण विराम)

प्र21) 'सुबह की सैर' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए

(शब्द सीमा 60–70) :–

सहायक सूची :– सुबह, सैर, मौसम, सुहावना, ठंडी, हवा, चिड़िया, चहचहाना, व्यायाम,

शरीर, चुस्त, बीमारियाँ, दूर, आँखों की राशनी, तेज़, मन, खुश

प्र22) निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए :–

(शब्द सीमा 60–70) :–

संकेत बिंदु :– सरकस, जोकर, करतब, हँसाना, हाथी, सूँड, फुटबॉल, नाचना, बंदर, उछल–कूद, बच्चे, खुश, तालियाँ, रौनक, लोग, खुश

